## शहडोल के दो पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित




### मिलेगा केन्द्रीय गृह मंत्री का उत्कृष्ट सेवा पदक

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले की पुलिस के लिए एक गौरव की बात यह है, कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय के दो पुलिस कर्मियों को केन्द्रीय गृह मंत्री का उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त हुआ है। जिन पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त हुआ है उनके नाम कार्यवाहक प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण द्विवेदी और अभिमन्यु वर्मा हैं। इन्हें वर्ष 2023 के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री का उत्कृष्ट सेवा पदक प्राप्त हुआ है।

उक्त पदक पुलिस सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ऐसे कर्मचारियों को प्रदाय किया जाता है, जिन्होंने न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर ली हो। पदक के लिए पुलिस कर्मियों के सेवा विवरण, इनाम और कार्यों की समीक्षा की जाती है और पदक हेतु कर्मचारियों का अंतिम चयन पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश द्वारा सर्वोच्च समिति की अनुशंसा पर किया जाता है।

**रीडर हैं लक्ष्मी द्विवेदी**-पदक प्राप्त करने वाले लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने वर्ष 2004 में पुलिस सेवा में आरक्षक पद पर प्रवेश किया, उनकी पहली पदस्थापना जिला इंदौर में हुई। सत्र 2006-2007 में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद श्री द्विवेदी की थाना खजराना जिला इंदौर में प्रथम पदस्थापना हुई। वर्ष 2008 में स्थानांतरित होकर वे जिला शहडोल आए और वर्तमान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला शहडोल में रीडर के पद पर कार्य कर रहे हैं। अपनी 20 वर्षों की सेवा अवधि के दौरान श्री द्विवेदी ने अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन अत्यंत निष्ठापूर्वक तरीके से किया है, जिसके लिए इन्हें उक्त पदक प्राप्त हुआ है।

**सीएम हेल्पलाइन शाखा में हैं अभिमन्यु वर्मा**-इसी प्रकार अभिमन्यु वर्मा वर्ष 2007 में पुलिस विभाग आरक्षक पद पर भर्ती होकर पचमढ़ी से प्रशिक्षण प्राप्त किया और इसके उपरांत उनकी पहली पदस्थापना अनूपपुर जिले में हुई।

श्री वर्मा दिसम्बर 2022 में जिला डिण्डौरी से स्थानांतरित होकर शहडोल जिले में आए और वर्तमान में सीएम हेल्पलाईन शाखा में कार्यरत हैं। 17 वर्ष की लम्बी सेवा अवधि के दौरान श्री वर्मा ने सायबर सेल में कार्यरत रहकर कई अपराधों का खुलासा करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। साथ ही अवैध नशीले मादक पदार्थ, इंजेक्शन आदि को पकड़ने और गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक के लिए चयनित होने पर दोनों पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## हाथियों ने फिर बर्बाद की किसानों की फसल

### बाणसागर के गांवों में हाथियों का उत्पात

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के बाणसागर क्षेत्र में इन दिनों जंगली हाथियों ने उत्पात मचा रखा है। क्षेत्र के आधा दर्जन गांव में हाथियों का झुंड खेत व खलिहान में मौजूद फसलों को बर्बाद कर रहें है। गत दिवस खेत में घुसे हाथियों के झुंड को ग्रामीणों ने देख लिया। जिसके बाद ग्रामवासियों ने इकठ्ठा होकर जोर जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया, उनकी आवाज को सुनकर हाथियों का झुंड खेतों से भागने लगा।

बाणसागर क्षेत्र के कई गांव में हाथियों का झुंड जंगल से भटककर गांवों में पहुंच गया है और फसलों को बर्बाद कर रहा है। बीते दिवस खेत में फसलों को बर्बाद करते हुए हाथियों के झुंड को ग्रामीणों ने शोर गुल करते हुए आगे खदेड़ा, जिसका वीडियो भी सामने आया है। बाणसागर क्षेत्र के देवलोंद, चचाई, बिजुरिहा, नादो, सेग्मल, सहरा, कुमिहा तथा अनहरा समेत अन्य गांव में करीब डेढ़ दर्जन हाथियों का एक झुंड जंगल से भटकर इन गांवों में पहुंच गया है। जो वहां गन्ना और केला की



फसलों को चौपट कर रहा है। साथ ही खलिहानों में रखी दूसरी फसलों को भी नष्ट कर रहें हैं।

ग्रामीणों के अनुसार इन हाथियों का झुंड अब दो से तीन हिस्सों में बट गया है। जिनमें से एक झुंड सोन नदी के पार लगने वाले मैहर जिले के ग्राम कैथहा, सरिया, हरियरी आदि गांवों में भी हाथियों के झुंड ने फसलों की तबाही मचाई हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार करीब तीन चार दिन पूर्व लगभग डेढ़ दर्जन हाथियों के झुंड ने बाणसागर के गांवों में प्रवेश किया था, जो अब तीन अलग अलग झुंड में बदल गये हैं। इनमें से अलग-अलग झुंड इन गांवों में फसलों को तबाह कर रहें हैं। गत शाम सोन नदी के उस पार ग्राम सरिया से हरियरी के बीच खेतों में विचरण कर फसलों को बर्बाद कर रहे थे। जिसकी जानकारी लगने के बाद ग्रामीणों द्वारा हाथियों के झुंड को शोर एवं तेज आवाज करके आगे खदेड़ दिया गया था, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार फिर इन हाथियों के गांव में प्रवेश करने की आशंका है। यदि वन विभागद्वारा शीघ्र ही इन हाथियों को गांव से बाहर जंगल की तरफ नहीं खदेड़ा गया तो सारी फसल बर्बाद कर देंगे।

## सार-समाचार



### शातिर सटोरिया अज्जू होगा जिलाबदर

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में राम जी श्रीवास्तव द्वारा पदभार संभालने के बाद अब आपराधिक तत्वों पर लगाम लगनी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में एक शातिर सटोरिया और जुआ का संचालन करने वाले का जिला बदर प्रस्तावित किया गया है। पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव द्वारा की गई यह कार्रवाई न सिर्फ प्रशंसनीय है, बल्कि उनकी तेज तर्रार कार्य शैली का संकेत भी है।

पुलिस अधीक्षक शहडोल राम जी श्रीवास्तव द्वारा जुआ एवं सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जुआ व सट्टा का संचालन करने वाले शातिर आरोपी अजय सिंह चौहान उर्फ अज्जू के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है । जुआ और सट्टा का संचालन करने वाले आरोपी अजय सिंह चौहान उर्फ अज्जू पिता विजय सिंह चौहान उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड नं 09 जैन मंदिर के पास शहडोल के विरूद्ध थाना कोतवाली में मारपीट,गाली-गुफ्तार, जान से मारने की धमकी, सट्टा और जुआ एक्ट के अनेकों प्रकरण के पंजीबद्ध हैं। इसके विरूद्ध उक्त कार्यवाहियों के बाद भी उसकी आपराधिक गतिविधियों में नियंत्रण नही हो रहा है। आस-पास की युवा पीढ़ी के सट्टा का आदी होकर उन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने और आम जनता में भय व आतंक का निर्माण होने से पुलिस अधीक्षक शहडोल राम जी श्रीवास्तव द्वारा उक्त आरोपी के विरूद्ध जिला बदर प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी की ओर प्रेषित किया गया है।

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती प्यार में बदली, बाद में प्रेमी करने लगा ब्लैकमेल



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती ने एक युवती को परेशानियों में डाल दिया। आरोपी युवक ने इंस्टाग्राम के माध्यम से युवती से दोस्ती की, जो प्यार में बदल गई। करीब दो महीने की बातचीत के दौरान आरोपी ने वीडियो कॉल के जरिए युवती की अनुमति के बिना उसका अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जैसे ही युवती को आरोपी के इरादों का अहसास हुआ, उसने बातचीत बंद कर दी। इसके बाद युवक ने उस पर बात करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने धमकी दी कि बात न करने पर वह वीडियो वायरल कर देगा। जब युवती ने उसकी बात नहीं मानी, तो आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना से मानसिक रूप से परेशान युवती ने 30 नवंबर को मानपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कुछ ही घंटों में उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने इंस्टाग्राम पर मैसेज के जरिए युवती से संपर्क किया था। दोस्ती और बातचीत के दौरान उसने धोखे से वीडियो रिकॉर्ड किया। युवती द्वारा बातचीत बंद करने पर आरोपी ने उसे ब्लैकमेल किया और वीडियो वायरल कर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने युवाओं से सोशल मीडिया पर सतर्क रहने और इस प्रकार की घटनाओं से बचने की अपील की है।

### फीस जमा नहीं करने वाले बच्चों को प्राचार्य ने स्कूल से निकाला

**सिंगरौली, देशबन्धु।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के समक्ष विशन पब्लिक स्कूल खुटार में प्राथमिक कक्षा में अध्यनरत चार बच्चे अपने अभिभावक के साथ इस आशय का आवेदन लेकर आए की हम लोगों की फीस जमा नहीं होने के कारण विद्यालय के प्रचार ने पढ़ने से मना करते हुए स्कूल से बाहर कर दिया, वहीं बच्चों के पिता के द्वारा निवेदन किया गया कि में एक कृषक हूं फीस जमा करने हेतु एक माह का समय मांग रहा हूं। फिर भी प्रचार समय देने के लिए तैयार नहीं है। जिसे कलेक्टर ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए बच्चों को अपने कक्ष में बैठाया और उनका नाम एवं किस कक्षा में वह पढ़ते है।

## नर्सिंग छात्राओं ने कॉलेज का नाम किया रोशन

**शहडोल, देशबन्धु।** शिवानी पैरामेडिकल नर्सिंग कॉलेज शहडोल बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। शहडोल में संचालित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान शिवानी पैरामेडिकल नर्सिंग कॉलेज शहडोल महाविद्यालय के नर्सिंग संकाय के विद्यार्थियों बहुप्रतीक्षित परीक्षा परिणाम विगत दिवस 29 नवंबर को मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के द्वारा घोषित किया गया। इसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट रहा। महाविद्यालय के विद्यार्थियों प्रतिस्पर्धात्मक रूप से अध्ययन करते हुए उकृष्ट अंक अर्जित किए और महाविद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के संचालक डीके द्विवेदी ने बताया कि कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के संज्ञान में लेने के बाद सत्र 2020 से परीक्षाएं संपन्न नहीं हो पा रही थी। परीक्षाएं संपन्न हुई जिसमें विद्यार्थी पूर्ण मनोयोग और निष्ठा के साथ। परीक्षा में शामिल हुए और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्रा आरती केवट ने 84.44 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्र विपिन कुमार ने 83.11 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान



और कुसुम लता धुर्वे ने 80.55 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है

संचालक डॉ. द्विवेदी ने बताया कि नर्सिंग का यह पहला बैच और पहले बैच का पहला परीक्षा परिणाम देखकर हम बहुत खुश है और बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम अर्जित किया है। परीक्षा परिणाम देखकर महाविद्यालय परिवार और सभी विद्यार्थियों खुशी की लहर है। क्योंकि 2020 में प्रवेशित बच्चों का परीक्षा 2024 में जाकर के संपन्न हुआ, बहुत सारे विद्यार्थियों द्वारा बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। लेकिन जो विद्यार्थी लगे रहे बीएससी नर्सिंग करना जिसका सपना था उन विद्यार्थियों ने अपना अध्ययन जारी रखा और आज बेहतर परिणाम के रूप में उनका परीक्षा परिणाम सामने है।

## एसडीएम के आईपीएस बेटे के निधन से शोक की लहर

### कलेक्टर सहित अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि



**सिंगरौली, देशबन्धु।** जिले के उपखंड देवसर में पदस्थ एसडीएम अखिलेश सिंह के आईपीएस प्रोबेशनर पुत्र हर्ष बर्धन सिंह 2023 बैच की रविवार शाम को कर्नाटक के सड़क दुर्घटना में मौत होने की जानकारी प्राप्त होते ही शोक की लहर छा गई। हर्ष बर्धन कर्नाटक पुलिस अकादमी में अपना प्रशिक्षण समाप्त करने के बाद जिला प्रशिक्षण के लिए हासन जा रहे थे, तभी हासन जिले में एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला सहित अधिकारी एवं कर्मचारीयों ने मृतक आईपीएस सिंह को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कि तथा कलेक्टर शुक्ला ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते कहा कि सबके बीच से एक आईपीएस जो प्रदेश के विकास में अपने भूमिका निभा सकते थे, वो नहीं रहे। उनके इस अपूर्णीय क्षति की पूर्ति करना असंभव है। उन्होंने मृतक की परिवार को इस असहनीय घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना कि। तद्पश्चात दो मिनट का मौन रखा कर मृतक की आत्म की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## सराफा व्यापारी से दिनदहाड़े डेढ़ लाख की चांदी लूटी

**शहडोल, देशबन्धु।** सिंहपुर थाना क्षेत्र के मिठौरी तिराहा में जयस्तंभ सोहागपुर निवासी सराफा व्यवसायी प्रणय सोनी से अज्ञात बदमाशों ने दो किलो चांदी के जेवरात, जिनकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये थी, लूट लिए। यह घटना सुबह 9 बजे की है। प्रणय सोनी ने बताया कि रोजाना की तरह वह अपने जेवरात लेकर जा रहे थे, जब बदमाशों ने उनकी बाइक रोककर यह वारदात की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है।



इसी तरह सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उधिया में 16 नवंबर को अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक घर का ताला तोड़कर नकद 20 हजार रुपये और करीब 8.5 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। घटना के समय घर के सभी सदस्य बाहर थे। घर लौटने पर टूटे ताले और बिखरे सामान देखकर चोरी का पता चला। चोरी गए सामान में सोने के 93 ग्राम और चांदी के 155 तोला जेवरात शामिल हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है, लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी आरोपियों का कोई सुराग नहीं है।

## मोबाइल में बात करते-करते नदी में लगा दी छलांग

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के बुढार थाना क्षेत्र के जरवाही सोन नदी में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक शख्स अचानक सोन नदी में कूद गया। मैके पर मौजूद लोगों ने शख्स को बचाने की कोशिश की, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। नदी में कूदा शख्स लापता हो गया। मामले की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची बुढार पुलिस व एस डी आर एफ की टीम देर रात से नदी में लापता हुए शख्स की तलाश कर रही है। 12 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी शख्स का अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा।



बुढार थाना क्षेत्र के छांटा निवासी संतोष जोगी मोबाइल पर किसी से बात करते हुए देर रात बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था। तभी सोन नदी के पास बाइक खड़ी कर मोबाइल पर बात करते हुए कुछ ही मिनट में अचानक नदी में छलांग लगा दी। ये देख मौजूद लोगों के होश उड़ गए और वे उसे तुरंत बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। संतोष नदी में लापता हो गया।

मामले की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची बुढार पुलिस व एस डी आर एफ की टीम उसकी तलाश में जुटी है। 12 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी संतोष का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। बताया जा रहा की संतोष मोबाइल पर अपने परिवार के किसी सदस्य से बात कर रहा था, अचानक बात करते करते नदी में छलांग लगा दिया।

बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि रात लगभग 11 बजे एक शख्स के नदी में कूदने की सूचना प्राप्त हुई थी, तब से अभी तक उसकी तलाश की जा रही है।

## चुने हुए युवा मिलेंगे पीएम मोदी से

### विकसित भारत युवा लीडर डायलॉग कार्यक्रम में पांच तक माय भारत पोर्टल पर करना होगा पंजीयन

**शहडोल, देशबन्धु।** नेहरू युवा केन्द्र शहडोल द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माय भारत इनीसिएटिव के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया जा रहा है। देश भर से चुने हुए युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

नेहरू युवा केंद्र शहडोल के उप निदेशक डॉ. आरआर सिंह ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं से अग्रणी भूमिका निभाने की बात कही गयी थी। इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य की योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा।

युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री जी से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल करने का अवसर मिलेगा। इसे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को चार चरणों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेना होगा।

पहला चरण विकसित भारत प्रश्नोत्तरी इसके अंतर्गत मेरा युवा भारत प्लेटफार्म पर 5 दिसंबर 24 तक आयोजित होने वाली डिजिटल क्विज प्रतियोगिता में 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु वर्ग के ही युवा भाग लेंगे। इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत की उलेखनीय उपलब्धियो के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी।

दूसरा चरण निबंध और ब्लॉक लेखन इसमें पिछले चरण की विजेता लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे विकसित भारत, भारत के लिए तकनीक विकसित भारत के लिए युवा को सशक्त बनाना, आदि पर निबंध प्रस्तुत करेंगें, जिसमें राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके विचार परिलक्षित होंगे। यह प्रतियोगिता माय भारत पोर्टल पर आयोजित की जाएगी।

उप निदेशक डॉ. सिंह ने बताया कि तीसरा चरण विकसित भारत विजन पिच डेस्क राज्य स्तरीय प्रस्तुतियां दूसरे चरण में उत्तीर्ण होने वाले

प्रतिभागी राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उनकी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के चयन के लिए विभिन्न विषयों पर टीमों का गठन करेगा। चौथा चरण- भारत मंडपम नई दिल्ल में विकसित भारत राष्ट्रीय चैंपियनशिप विभिन्न थीम आधारित राज्य स्तरीय टीम में 11 और 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। विजेता टीमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के निर्माण पर अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर दौड़ रहे रेत के ओवरलोड वाहन, यातायात विभाग बेखबर

**उमरिया, देशबन्धु।** केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार ने गांवो को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण अंचलों में सड़कों का जाल बीछा विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रही है वहीं कुछ रसूखदार व्यवसायियों द्वारा अपने निजी लाभ के कारण शासन प्रशासन के नियम कायदे को ठेंगा दिखा मनमानी तरीके से इन सड़कों की धज्जियां उड़ानें में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं सवाल अंकुश कौन लगाए ग्रामीणों की कोई सुनने वाला नहीं वही जिले के जिम्मेदार इस विभाग के मुखिया की या तो नजर नहीं पहुंच पा रही या कार्यवाही नहीं करना चाहते रेत कारोबारियों को अभयदान दे दिया गया है कारण बे रोक टोक यह खेल चल रहा है



रोड़ तो बना दिए, लेकिन रेत कारोबारियों द्वारा इन सड़कों की भार क्षमता से कई गुना ज्यादा भारी भरकर रेत के ओभर लोड हाईवा डग्गी मानपुर से होकर चेचरिया सकरिया होते हुए रायपुर बनौदा पाली नौरोजाबाद एवं उजान से करकेली के रास्ते अवागमन करते हैं जिससे सड़कों की हालत दिन व दिन बदहाल होते जा रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस सम्बन्ध में मौखिक रूप से जिले के जिम्मेदारों को अवगत कराया गया है लेकिन आज दिनांक तक शासन प्रशासन के द्वारा इस समस्या का समाधान नहीं हुआ ग्रामीणों ने बताया कि रेत से लदे हाईवा डग्गी तेज रफ्तार से गांव के बीच से होकर गुज़रते हैं जिससे भय का वातावरण बना रहता है क्योंकि छोटे बच्चों का खेलना मवेशियों सहित आवागमन करने वाले राहगीरों को दुघर्टना का आलम बना रहता है।लाजमी है कि जिले के कलेक्टर यातायात सहित पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्या कुछ कार्यवाही की जाएगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा या फिर कोई बड़ी दुघर्टना के बाद प्रशासन जागेगा।